www.rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण

देहरादून • वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली। मंगलवार • 27 दिसम्बर • 2011

बिमटेक ने कैदियों को वस्त्र बांटे

ग्रेटर नोएडा (एसएनबी)। बिमटेक द्वारा संचालित रंगनाथन सोसायटी फॉर सोसल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट के तत्वावधान में डासना जेल में वस्त्र वितरित किये गये। कैदियों को कंबल, ऊनी वस्त्र, साड़ियां बांटी गयीं। इस दौरान छात्रों ने जेल में होने वाले दैनिक क्रियाकलापों का बारीकी से अध्ययन किया। प्रोफेसर केआर चारी ने जेल में अवशेष प्रबंधन के विषय में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। भविष्य में रंगनाथन सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट के माध्यम से डासना जेल में एक पुस्तकालय खोले जाने का सुझाव है।